
# विदेशी ई-कारें भी होंगी सस्ती, सरकार 40 फीसदी तक घटाएगी आयात शुल्क

## प्रधानमंत्री की अगुवाई में वित्त-वाणिज्य मंत्रालय, नीति आयोग कर रहे चर्चा

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी टेस्ला की अपील के बाद सरकार ई-कारों पर आयात शुल्क में 40% तक कटौती पर विचार कर रही है।

मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने बताया कि सरकार 40,000 डॉलर से कम मूल्य के ई-वाहनों पर आयात शुल्क 60% से 40% करने पर विचार कर रही है। 40,000 डॉलर से अधिक मूल्य के ई-वाहनों पर आयात शुल्क 100% से घटाकर 60% पर चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में वित्त मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय और नीति आयोग प्रस्ताव पर चर्चा कर रहे हैं। सभी हितधारकों से भी इस संबंध में परामर्श किया जाएगा। एक अधिकारी ने कहा कि सरकार इस शर्त पर कटौती के पक्ष में है कि टेस्ला जैसी कंपनियां स्थानीय स्तर पर निर्माण करें व अर्थव्यवस्था को फायदा पहुंचाएं। इसके लिए उन्हें समय निर्धारित करना होगा। एजेंसी



### घरेलू कंपनियों के लिए चिंता की बात नहीं

अधिकारी ने कहा कि आयात शुल्क घटाना कोई समस्या नहीं है, क्योंकि देश में ई-वाहनों का ज्यादा आयात नहीं होता है। ऐसा करने से पहले हमें आर्थिक लाभ देखने होंगे। घरेलू निर्माताओं के हित का भी ध्यान रखना होगा। सिर्फ ई-वाहनों पर शुल्क में कटौती पर विचार हो रहा है न कि आयातित कारों की अन्य श्रेणियों पर।